## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–30.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज समर्थकों के साथ भाजपा में होंगे शामिल, विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता रहेंगे मौजूद।
- चंपाई सोरेन के इस्तीफे के बाद घाटशिला से झामुमो विधायक रामदास सोरेन आज हेमंत सरकार में मंत्री के रूप में लेंगे शपथ।
- राज्य सरकार ने 200 यूनिट बिजली का अपयोग करने वाले 40 लाख उपभोक्ताओं का बिल माफ करने का लिया फैसला, अग्निवीर के आश्रित को मरणोपरांत अनुकंपा पर दी जायेगी नौकरी।
- झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी को वन विभाग में एसीएफ और रेंजर की नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में पहले से नौकरी कर रहे लोगों को उम्र सीमा में छूट देने का दिया निर्देश।
- मौसम विभाग ने आज रांची, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में गर्जन के साथ रूक–रूक कर बारिश का जताया अनुमान।

*************

झामुमो के सभी पदों और हेमंत सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके चंपाई सोरेन आज भाजपा में शामिल होंगे। राजधानी रांची के धुर्वा स्थित गोलचक्कर मैदान में आयोजित अभिनंदन समारोह में चंपाई सोरेन अपने समर्थक के साथ भाजपा की सदस्यता लेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा सहित पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और हजारों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

इधर सरायकेला के झामुमो के नेता सोनाराम बोदरा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वे भाजपा में शामिल होंगे।

*************

घाटशिला से झामुमो विधायक रामदास सोरेन आज चंपाई सोरेन की जगह राज्य सरकार में 12वें मंत्री के रूप में शपथ लेंगे। आज राजभवन में सुबह साढ़े ग्यारह बजे राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

इससे पहले राज्यपाल ने चंपाई सोरेन का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। झामुमो ने उनकी जगह विधायक रामदास सोरेन का नाम मंत्री पद के लिए राजभवन को भेजा था।

*************

राज्य सरकार ने 200 यूनिट बिजली उपयोग करने वाले लगभग 40 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं का बकाया बिल माफ करने का भी निर्णय लिया है। इस आशय का निर्णय कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इसके अलावा अग्निवीर के आश्रित या उनकी पत्नी को मरणोपरांत अनुकंपा पर नौकरी देने का भी निर्णय लिया गया। वहीं 10 हजार से अधिक पोषण सखियों को फिर से बहाल करने का निर्णय लिया गया। बता दें कि केंद्र से पैसा नहीं मिलने के कारण इन्हें हटा दिया गया था।

सरकार ने झारखंड वक्फ नियमावली 2024 और झारखंड अग्नि शमन सेवा विधेयक 2024 को भी पारित कर दिया। राज्य मंत्रिमंडल ने वाटर फिल्टर प्लांट के लिए नियमावली बनाने, राज्य कर्मियों को महंगाई भत्ते की किस्त की स्वीकृति देने का भी फैसला लिया गया।

*************

सर्वोच्च अदालत ने रांची के बड़गाईं में फर्जी कागाजात से सेना की 4 दशमलव 55 एकड़ जमीन की बिक्री से संबंधित वित्तीय लेनदेन का पता लगाने के लिए आरोपी दिलीप घोष का बैंक स्टेटमेंट कोर्ट में पेश करने का निर्देश ईडी को दिया है। इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी आरोपी हैं और फिलहाल वह जमानत पर हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने दिलीप घोष को जमानत प्रदान की है।

*************

झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड लोक सेवा आयोग को वन विभाग में एसीएफ और रेंजर की नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में पहले से नौकरी कर रहे लोगों को उम्र सीमा में छूट देने का निर्देश दिया है। इस मामले में न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तिथि निर्धारित करते हुए कहा कि याचिका के अंतिम आदेश से प्रार्थियों की नियुक्ति प्रभावित होगी।

*************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*************

गिरिडीह जिला प्रशासन ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारी की है। गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि चौथे चरण के तहत आज से ये योजना शुरू हो रही है, जो 15 सितंबर तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम आदमी को जोड़ना है।

*************

इंडियन रिजर्व बटालियन– आईआरबी के 227 जवानों को ए एस आई श्रेणी में प्रोन्नति दी जायेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी 227 जवानों की वरीयता सूची जारी कर दी है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार आईआरबी के गठन को मंजूरी देती है। इसका खर्च भी केंद्र सरकार वहन करती है।

*************

परिवहन सचिव और नगर आयुक्त से मांगों के समर्थन में आश्वासन मिलने के बाद रिक्शा और ऑटो चालकों की यूनियन ने हड़ताल समाप्त कर दी है। परिवहन आयुक्त और नगर आयुक्त के साथ ऑटो यूनियन की वार्ता में 3000 नए ई–रिक्शा को परमिट और 1000 नए ऑटो परमिट जारी करने पर सहमति बनी। हड़ताल समाप्त होने के साथ ही ऑटो और ई रिक्शा सड़कों पर फिर से सुचारू रूप से चलने लगे हैं, जिससे आमलोगों को काफी राहत मिली है।

*************

पाकुड जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण चुनाव कराने की पुलिस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

**************

लातेहार जिले के बारियातू थाना क्षेत्र के इटके गांव में वज्रपात से दो फुटबॉल खिलाड़ियों की मौत हो गयी और एक दर्जन से अधिक खिलाड़ी घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। गंभीर रुप से घायल तीन खिलाड़ियों को रिम्स रांची रेफर किया गया है।

**************

मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला, गुमला, हजारीबाग, बोकारो और रामगढ़ में रूक–रूक कर बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने इन इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गर्जन होने की भी संभावना है। मौसम विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 9 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

**************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने बिजली उपभोक्ताओं का बिल माफ करने के सरकार के निर्णय को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

इसके अलावा दैनिक भास्कर ने पीएलएफआई के नाम पर बिल्डर से 2 करोड़ और रियल एस्टेट कारोबारी से 1 करोड़ रंगदारी मांगे जाने की खबर को प्राथमिकता दी है।

प्रभात खबर ने विधायक रामदास के आज मंत्री पद की शपथ लेने और चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– इलाज के लिए किसी को बाहर जाना न पड़े, ऐसी व्यवस्था बना रहे।

हिंदुस्तान ने जमीन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी दिलीप घोष के बैंक स्टेटमेंट सुप्रीम कोर्ट से मांगे जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने गुजरात में भारी बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति की खबर को जगह दी है। वहीं और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने चंपाई सोरेन की जगह रामदास सोरेन के आज मंत्री बनने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

***************